(i) Printed Pages : 4 Roll No. ................................

(ii) Questions : 9

Sub. Code : | 0 | 1 | 0 | 8 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 2 |

B.A./B.Sc. (General) 2nd Semester

(2053)

HINDI

Paper : (Elective)

Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90

नोट :— सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. (क) निम्नलिखित में से किसी एक पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करें :—

(i) कंकन किंकिनि नूपुर धुनि सुनि।
कहत लखन सन रामु हृदय गुनि।।
मानहुं मदन दुंदभी दीन्हीं।
मनसा बिस्व बिजय कहे कीन्हीं।।
अस कहि फिरि चितए तेहि ओरा।
सिय मुख ससि भय नयन चकोरा।।
भए बिलोचन चारू अचंचल।
मनहुं सकुचि निमितजै दिंगचल।।
देखि सिय सोमा सुखु पावा।
हृदय सराहत बचन न आवा।।
जनु बिरंचि सब निज निपुनाई।
बिरंचि बिस्वकह प्रगटि देखाई।।

(ii) जोगिया से प्रीत कियां दुख होइ।

प्रीत किया सुख न मोरी सजनी, जोगी मीत न कोई।

राति दिवस कल नाहिं परत है, तुम मिलियां बिनि माइ।।

ऐसी सूरत या जगमांहि फेरि न देखी सोइ।

मीरा के प्रभु कबरे मिलोगे, मिलियां आणाद होई।। 8

(ख) गिरिधर कविराय रचित कुंडलियों का सारांश लिखें।

अथवा

मीराबाई का साहित्यिक परिचय दीजिए। 8

2. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दें :—

(क) झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें।

(ख) झांसी की रानी उपन्यास का उद्देश्य क्या है ? युक्ति युक्त उत्तर दीजिए।

(ग) तत्त्वों के आधार पर झांसी की रानी उपन्यास की समीक्षा करें।

(घ) 'रानी लक्ष्मीबाई' उपन्यास की भाषा-शैली पर प्रकाश डालें।

8+8

3. भक्तिकाल की परिस्थितियों पर प्रकाश डालें।

अथवा

भक्तिकाल की विशेषताओं को रेखांकित करें। 8

4. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों में से किन्हीं दस के उत्तर दीजिए :—

(i) सीता किसकी पूजा करने के लिए पुष्पवाटिका में पधारी थी ?

(ii) रामचरितमानस किस भाषा में रचित है ?

(iii) मीरा के द्वारा रचित किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।

(iv) मीरा हिन्दी-साहित्य के किस काल की कवयित्री थी ?

(v) गिरिधर कविराय किस काल के कवि हैं ?

(vi) गिरिधर के काव्य में किसके कल्याण की भावना छिपी हुई है ?

(vii) मनू को 'छबीली' कह कर कौन पुकारता था ?

(viii) बाजीराव की वार्षिक पेंशन कितनी थी ?

(ix) मोतीबाई की मृत्यु कहाँ हुई थी ?

(x) झाँसी के विधुर राजा का क्या नाम था ?

(xi) राममार्गी शाखा के प्रवर्त्तक कौन थे ?

(xii) भक्तिकाल का काल समय क्या था ?

(xiii) सन्त काव्य के दो कवियों के नाम लिखें।

(xiv) कृष्ण-काव्य के प्रमुख दो कवियों के नाम लिखें।

(xv) सन और सम्वत् में कितने वर्षों का अन्तर है ? 10

5. उपन्यास के वर्गीकरण पर अपने विचार प्रस्तुत करें।

अथवा

विभिन्न विद्वानों द्वारा दी गई उपन्यास की परिभाषाएँ स्पष्ट करते हुए तत्त्वों का उल्लेख करें। 7

6. किन्हीं पाँच मुहावरों और लोकोक्तियों के अर्थ बताकर वाक्य बनाएँ :—

(1) आपे से बाहर होना

(2) उड़ती चिड़िया पहचानना

(3) कलेजा मुँह को आना

(4) खाला जी का घर

(5) दो टूक बात करना

(6) खग ही जाने खग की भाषा

(7) झूठ के पाँव नहीं

(8) चोर की दाड़ी में तिनका। 10

7. किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखें :—

(1) समरथ को नहिं दोष गोसाईं।

(2) परीक्षा भवन का दृश्य।

(3) अंत भला सो भला। 10

8. नगरपालिका के प्रधान को पत्र लिखें जिसमें पीने के जल के अभाव को दूर करने की प्रार्थना की गई हो।

अथवा

आप के मुहल्ले में चोरी की घटनाएँ बहुत हो रहीं हैं। नगर के पुलिस-अधीक्षक को मुहल्ले की सुरक्षा के लिए पत्र लिखिए। 8

9. किन्हीं पाँच पारिभाषिक शब्दावली के हिन्दी रूप लिखें :—

Medical Leave, Nationality, Objection, Part-time, Qualification, State Government, Waiting list, Technical. 5